न्यायालय जिला न्यायाधीश, मुजफ्फरपुर

भू–अर्जन वाद संख्या -370/2022

एन0 एच0 ए0 आई0 बनाम **सुनैना देवी बगैरह।**

Serial No.	Date of order of proceeding	Order with the signature of the Court	Office action taken with date
1	2	3	4
	09.01.2024	विपक्षी की हाजरी है। एन0 एच0 ए0 आई0 की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुए। वाद पुकारा गया। पुकार पर विपक्षी के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। विपक्षी के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से प्रतीत होता है कि, विपक्षी, जिला भू–अर्जन कार्यालय में, इसके पूर्व कभी भी उपस्थित नहीं हुए थे और जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बिना कोई ओदश पारित किए, इस वाद को इस न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। चूँकि, विपक्षी अब इस वाद में उपस्थित हो चुके हैं एवं इस वाद में अपना पक्ष रखकर, प्रतिकर की राशि के संबंध में सुनवाई के पश्चात्, आदेश पाना चाहते हैं, इसलिए इस वाद को जिला भू–अर्जन कार्यालय को, इस निर्देश के साथ वापस भेजा जाता है कि, विपक्षी के पक्ष को सुनकर, विधि सम्मत् आदेश पारित करें। विपक्षी को भी यह निर्देश दिया जाता है कि, वे जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। यथानुसार यह वाद, इस न्यायालय में निस्तारित किया जाता है। लेखापित Sd/-M.K Singh जिला न्यायाधीश मुजफ्फरपुर	